"जनता की आवाज, सच का आईना"

श्री डूंगरगढ़ टाइम्स

9414917401 ♦ बुधवार ♦ 04 नवम्बर, 2026 ♦ Email : sridungargartimes@gmail.com ♦ अंक - 906

जन-जन में रहा मतदान उत्सव का उत्साह : पंचायत समिति सदस्य व जिलापरिषद सदस्यों के भाग्य ईवीएम में बंद




















श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 4 नवंबर 2026। श्रीडूंगरगढ़ अंचल व रीड़ी अंचल में मंगलवार को गांव गांव में मतदान की रौनक रही। जन जन में उत्साह नजर आया और लोगों ने मतदान उत्सव में भागीदारी निभाई। क्षेत्र में 35 से 41 वार्ड जिलापरिषद के लिए सदस्य और 19 सदस्य पंचायत समिति श्रीडूंगरगढ़, 17 सदस्य पंचायत समिति सदस्य रीड़ी के सदस्यों का भाग्य ईवीएम में बन्द हो गया। राजनीतिक दल वोटों को बटोरने में व्यस्त रहें। कार्यकर्ता व नेता दिनभर सक्रिय रहें और मतदान की अपडेट लेते रहें। अपने क्षेत्र की ही नहीं पूरे अंचल की रिपॉर्ट पर लोगों ने खासी रूचि दिखाई।

श्रीडूंगरगढ़ में 73.98% रहा मतदान, मित्तल ने जताया जनता का आभार।

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। श्रीडूंगरगढ़ पंचायत समिति चुनाव में मतदान का अंतिम आंकड़ा 73.98% रहा। श्रीडूंगरगढ़ पंचायत समिति में कुल मतदाता 1,03,030 में से 76,219 मतदाताओं ने मतप्रयोग किया है। श्रीडूंगरगढ़ पंचायत समिति की 33 ग्राम पंचायतों में 123 बूथों में से 39 बूथ ऐसे रहें जिनपर 80 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। श्रीडूंगरगढ़ पंचायत समिति के आरओ उपखंड अधिकारी झंवरलाल मित्तल ने शांतिपूर्ण मतदान संपन्न करवाने के लिए क्षेत्रवासियों को बधाई दी। मित्तल ने कहा कि लोकतंत्र के पर्व में क्षेत्र के लोग उत्साह के साथ शामिल हुए व बढ़चढ़ कर मतदान किया। वहीं सीओ निकेत पारीक, थानाधिकारी कश्यपसिंह राघव सहित पुलिस दल बल ने मोर्चा संभाले रखा और शांतिपूर्ण मतदान में अपना योगदान दिया।

रीड़ी पंचायत समिति में 73.24% मतदान, शर्मा ने जताया आभार।

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। रिड़ी पंचायत समिति में मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ और कुल 73.24 प्रतिशत हुआ। रिटर्निंग अधिकारी द्वितीय श्रीवर्द्धन शर्मा ने रीड़ी क्षेत्र की जनता का आभार जताते हुए शांतिपूर्ण मतदान संपन्न करवाने के लिए बधाई दी। यहां आरओ प्रथम दमयंती कंवर भी फील्ड में रही व लगातार चुनावी प्रक्रिया संपन्न करवाने में सक्रिय रही।







घूंघट की ओट से दिया वोट, निभाई लोकतंत्र के पर्व में भागीदारी

































श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 4 नवंबर 2026। मंगलवार को अंचल में चुनावी उत्सव प्रारंभ हो गया और महिला वर्ग ने अपनी भागीदारी उत्साह के साथ निभाई। ग्रामीण अंचल में घूंघट की ओट से महिला शक्ति ने अपना मतदान दिया और लोकतंत्र के पर्व में अपनी भागीदारी निभाई। पंचायत समिति सदस्य व जिला परिषद सदस्यों का चुनाव किया। महिलाओं ने घूंघट की परंपरा के साथ मतदान की जिम्मेदारी निभाई। मतदान की गति सुबह धीमी रही और दोपहर व दोपहर बाद महिलाओं की टोलियां मतदान करने पहुंची। देखें विभिन्न गांवो से फोटो।















देर रात तक प्रशासन ने मशीनें पहुंचाई बीकानेर







श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 4 नवंबर 2026। मतदान संपन्न होने के बाद श्रीडूंगरगढ़ महाविद्यालय में पंचायत समिति श्रीडूंगरगढ़ के सभी बूथों से ईवीएम का एकत्रीकरण किया गया। यहां निर्वाचन अधिकारी झंवरलाल मित्तल व एरिया मजिस्ट्रेट रमेशसिंह चौहान के निर्देशन में बूथ वाइज ईवीएम मशीनें जमा करवाने के लिए 10 काउंटर तथा काउंटर नंबर 2 पर सभी दस्तावेज जमा करवाए गए। देर रात तक प्रशासनिक टीमों द्वारा मतदान दलों से मशीनों व दस्तावेजों का एकत्रीकरण किया गया पुख्ता सुरक्षा के बाद यहां से सभी मशीनें बीकानेर भेज दी गई। इस दौरान सभी सेक्टर ऑफिसर सहित कार्मिक मौके पर मौजूद हैं।

क्रिटिकल बूथों पर अलर्ट रहा प्रशासन, एक बूथ पर तुरंत दूरस्त करवाई मशीन

























श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 4 नवंबर 2026। श्रीडूंगरगढ़ में 14 व रीड़ी में 14 अतिसंवेदनशील बूथों पर पुलिस व प्रशासन की नजर रही और पल पल की अपडेट अधिकारियों द्वारा ली गई। रीड़ी पंचायत समिति क्षेत्र में इंदपालसर गुसाईंसर के बूथ नबंर 8, रीड़ी में बूथ नबंर 13 व 15, ऊपनी में बूथ में 26, दुसारणा पंडरिकजी में बूथ नबंर 30, कल्याणसर में बूथ नबंर 32, सांवतसर बूथ नबंर 53, लिखमीसर दिखणादा का बूथ 64, राजेडू का बूथ 66, बापेऊ का बूथ नबंर 70, कल्याणसर नया का बूथ 61, जाखासर भोमसिंहावतान का बूथ 87, सोनियासर शिवदानसिंह का बूथ नबंर 75, कुनपालसर का बूथ नबंर 89 पर पुलिस ने लगातार गश्त करते हुए दल लगाए है। वहीं श्रीडूंगरगढ़ के क्रिटिकल बूथ गुसाईंसर बड़ा का 31 नबंर, जालबसर का 44 नबंर बूथ, आड़सर का 54 नबंर बूथ, मोमासर का 58 नबंर बूथ, सत्तासर का 68 नबंर बूथ, कुंतासर का बूथ नबंर 76, धीरदेसर चोटियान का बूथ नबंर 78, बिग्गा का बूथ नबंर 92, ठुकरियासर का बूथ नबंर 111, पुदंलसर का 114 नबंर, पुनरासर का 1 नबंर बूथ, शेरूणा का 6 नबंर बूथ, जोधासर का बूथ नबंर 12 व लखासर का बूथ नबंर 16 अतिसंवेदनशील में शामिल है। इन बूथों पर पांच पांच पुलिस कर्मियों के दल तैनात है, जिनमें दो हथियारबंद जवान है।

प्रशासन रहा मुस्तैद

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। प्रशासन ने शांतिपूर्ण चुनाव सफल करवाने के पुख्ता इंतजाम किए। श्रीडूंगरगढ़ के सभी 19 व रीड़ी के 17 वार्डों में सेक्टर ऑफिसर तैनात किए। श्रीडूंगर गढ़ में 14 और रीड़ी में 16 बूथ है। सभी बूथों पर 2-2 पुलिसकर्मी तैनात किए गए। वही अति संवेदनशील बूथों में 5-5 पुलिसकर्मी तैनात रहें, जिनमें से 2 हथियारबंद जवान है। वहीं प्रति दो पंचायतों पर एक एक मोबाइल पुलिस पार्टी तैनात रही। जिनमें सब इंस्पेक्टर लेवल के अधिकारी तैनात शामिल किए गए, जो लगातार क्षेत्र में गश्त करते हुए घूमते रहें।

एक बूथ पर तुरंत दूरस्त करवाई मशीन।

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। सुबह मतदान शुरू होने से पहले राजेडू में स्थित मतदान केंद्र पर एक ईवीएम मशीन मॉक वोटिंग के दौरान चली नहीं। इसकी शिकायत रिर्टनिंग अधिकारी द्वितीय श्रीवर्द्धन शर्मा को मिली और शर्मा ने तुरंत मशीन को दूरस्त करवाया। मशीन सुचारू काम करने लगी और मतदान शुरू हुआ। शर्मा स्वयं दल के साथ फील्ड में रहें और उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि रीड़ी पंचायत समिति क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हुआ।



























युवाओं में रहा मतदान का उत्साह, बुजुर्गों ने निभाया दायित्व, दिव्यांग भी जिम्मेदारी निभाने पहुंचे बूथ पर

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। क्षेत्र में मंगलवार को हुए मतदान में नव मतदाताओं में मतदान का उत्साह नजर आया वहीं शतायु व बुजुर्ग मतदाताओं ने लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। क्षेत्र में अनेक बूथों पर दिव्यांग व बीमारी से पीड़ितों ने भी अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए मतदान केंद्र पहुंचे व अपना मतदान दिया। देखें क्षेत्र से विशेष फोटो


पूनरासर में गीतादेवी ने किया मतदान


बिग्गा में फुलादेवी ने दिया मतदान


मोमासर उमीदेवी ने किया मतदान।


रीड़ी लिछमादेवी ने किया मतदान।


सुरजनसर में मनोहरी देवी ने किया मतदान।


बरजांगसर में रेवंतराम ने निभाया दायित्व।


शेरूणा में मतदान करने पहुंची बुजुर्ग।


शेरूणा में किया बुजुर्ग ने मतदान


पूनरासर में दिव्यांग पति पत्नी ने किया मतदान।


सतासर में शतायु मतदाता ढूंकलसिंह ने किया मतदान।


ठुकरियासर में शतायु मतदाता कमलादेवी ने किया मतदान।


दिव्यांग गोपालराम बावरी ने निभाई मतदान की जिम्मेदारी।


सतासर में बुजुर्ग ने किया मतदान


सतासर में बुजुर्ग पहुंचे मतदान करने।


देऊ में खिवनीदेवी ने किया मतदान


धर्मास पत्नीदेवी ने किया मतदान


शेरूणा में मालाराम ने दिया मतदान।


ऊपनी फुसीदेवी गोदारा ने किया मतदान


पूनरासर नवमतदाता युवतियों में रहा उत्साह


रीड़ी में रामदयाल सिद्ध ने पत्नी सहित किया मतदान


जैतासर में बोझाराम ने किया मतदान


रीड़ी में दृष्टि बाधित चुनदास किया मतदान।

10 दिनों से सप्लाई हो रहा काला-बदबूदार पानी, शिकायतों के बाद भी नहीं जागा जलदाय विभाग, मोहल्लेवासियों में आक्रोश

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 4 नवम्बर 2026। श्रीडूंगरगढ़ शहर में पेयजल व्यवस्था की बदहाली आमजन के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। कस्बे के बिग्गाबास स्थित वार्ड 21 में टोडरमल कुएं के आसपास के क्षेत्र में पिछले 10 दिनों से लगातार काले और बदबूदार पानी की सप्लाई हो रही है। दूषित पानी की समस्या से परेशान मोहल्लेवासियों में जलदाय विभाग की अनदेखी को लेकर गहरा रोष व्याप्त है। मोहल्लेवासियों सैयद चूनगर, सलीम, बाबूलाल, जुबैर, रफीक, वसीम, आसिफ बहलीम, सलीम छींपा सहित अन्य लोगों ने बताया कि पिछले 10 दिनों से घरों में नलों के जरिए काला एवं दुर्गंधयुक्त पानी पहुंच रहा है। इस पानी के उपयोग से बीमारियां फैलने की आशंका बनी हुई है। पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा के साथ इस तरह की लापरवाही से लोगों की परेशानी लगातार बढ़ रही है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि इस गंभीर समस्या को लेकर जलदाय विभाग के अधिकारियों को कई बार अवगत करवाया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है।

ज्ञापन देकर जताया विरोध, प्रदर्शन की चेतावनी

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। दूषित पेयजल की समस्या से त्रस्त मोहल्लेवासियों ने मंगलवार को बाजार में जलदाय विभाग के कनिष्ठ अभियंता को ज्ञापन सौंपकर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की। लोगों ने चेताया कि यदि जल्द ही स्वच्छ पेयजल की सप्लाई सुनिश्चित नहीं की गई तो मोहल्लेवासी विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।













शोक संदेश

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूजनीय

तुलछी देवी

(पत्नी स्व. किशनाराम सहू, पीटीआई)

निवासी कुंतासर का स्वर्गवास दिनांक 18 अक्टूबर 2026 वार रविवार को हो गया है। जिनका बाहरवां 29 अक्टूबर 2026 वार गुरुवार को है।

शोकाकुल : मनीराम-ज्यानी देवी जाखड़ (दामाद-बेटी), नितेश, गीता, रणजीत, निशा (दोहिता-दोहिती), सुगनाराम सहु (जेठ) सुखराम सहू (देवर), हड़मानाराम, बीरबलराम, रामकरण, मूलाराम, सीताराम (जेठ पुत्र), श्रवण, विनोद (देवर पुत्र), सुरेन्द्र, रामनिवास, मनोज, गोविन्द, सहीराम, पवन, पंकज, भावेश, मुकेश, कार्तिक (पौत्र)।

गांव कुंतासर, श्रीडूंगरगढ़ (बीकानेर) मो.96728 03776

नेताओं सहित मौजिज लोग पहुंचे गांव किया मतप्रयोग, दी प्रेरणा

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 4 नवंबर 2026। मंगलवार को भाजपा विधायक ताराचंद सारस्वत ने गांव गुसाईंसर बड़ा, पूर्व विधायक गिरधारीलाल महिया ने दुलचासर, पूर्व विधायक मंगलाराम गोदारा ने ऊपनी पहुंचकर मतदान किया। विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड अध्यक्ष रामगोपाल सुथार ने जेतासर व कांग्रेसी नेता मूलाराम भादू ने इंदपालसर गुसाईंसर पहुंचकर मतदान किया। व्यापारी सिराजुद्दीन पंवार ने भी परिवार सहित गांव सूडसर पहुंच कर मतदान किया। सभी नेताओं ने युवाओं व ग्रामीणों से जागरूकता के साथ लोकतंत्र के पर्व में भागीदारी निभाने के लिए मतदान की करने की अपील भी की।



पूर्व विधायक गिरधारीलाल महिया ने किया मतदान।



विधायक ताराचंद सारस्वत ने पत्नी नर्बदा देवी सहित गांव पहुंचकर किया



पूर्व विधायक मंगलाराम गोदारा ने किया मतदान।

नए नोटों से त्योहारों पर बढ़ेगी जेब की शान, आज बांटेगा एसबीआई गड्डियां, ग्राहकों में उत्साह

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 4 नवम्बर 2026। त्योहारों पर उल्लास व उमंग के माहौल को और अधिक उत्साहित बना देता है, जब जेब में नए नोटों की गड्डी हो। अपने ग्राहकों को त्योहारों पर नए नोटों की खुशी देने के लिए श्रीडूंगरगढ़ के मुख्य बाजार स्थित एसबीआई के चेस्ट ब्रांच में बुधवार को नए नोटों का वितरण किया जाएगा। चेस्ट ब्रांच शाखा-प्रबंधक गौतम कुमार ने बताया कि त्योहारी सीजन में शहर के व्यापारियों एवं आमजन को नए नोटों का वितरण किया जाएगा। इसके लिए बुधवार को कैश लेन-देन के निर्धारित समय में एसबीआई के खाताधारक उपभोक्ता अपने खातों में से विड्राल कर नए नोट प्राप्त कर सकते है। बैंक द्वारा 10, 20, 50 व 100 के नए नोट पहले आओ पहले पाओ के आधार पर वितरित किए जाएंगे।



सिराजुद्दीन ने परिवार सहित बीकानेर से गांव आकर किया मतदान।

धीरदेसर से एक गुट पहुंचा विधायक आवास, भाजपा के किया स्वागत



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 4 नवंबर 2026। देर रात धीरदेसर पुरोहितान से ग्रामीणों का एक बड़ा गुट विधायक कार्यालय पहुंचा और विधायक ताराचंद सारस्वत की अगुवाई में भाजपा में शामिल हुए। विधायक ने दुपट्टा पहनाकर सभी का स्वागत किया और भाजपा की रीती नीति के बारे में जानकारी दी। इस दौरान धीरदेसर पुरोहितान में भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता नारायण सिंह राजपुरोहित और श्रवण राजपुरोहित भी सक्रियता से उपस्थित रहे। धीरदेसर पुरोहितान के माकपा में सक्रिय रहें नेता किशनलाल मेघवाल, नारायण मेघवाल, चुनाराम, राकेश मेघवाल, नारायण,भंवरलाल सांसी, राजूराम सांसी ने अपने समूह के साथ भाजपा कार्यालय पहुंचकर कर विधायक ताराचंद सारस्वत से दुपट्टा पहनकर भाजपा पार्टी में शामिल हुए।



कांग्रेसी नेता मूलाराम भादू परिवार सहित पहुंचे मतदान करने।



रामगोपाल सुथार ने जेतासर पहुंचकर किया मतदान।

♦ वोट डालने गया परिवार, पीछे से ढाणी में लगी आग, उजड़ गया किसान का आशियाना

नगदी, सोने-चांदी के गहने, दस्तावेज सहित गृहस्थी का सामान खाख, झूलस गया पशुधन, की सहायता की मांग









श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 4 नवम्बर 2026। लोकतंत्र के पर्व पर मतदान करने गया एक परिवार जब वापस लौटा तो उसके आशियाने की खुशियां आग की लपटों में खाक हो चुकी थीं। गांव कितासर भाटियान की अगुणी रोही में 132 जीएसएस के पास स्थित सवाईराम कामड़ की ढाणी में मंगलवार दोपहर करीब 1.30 बजे अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और ढाणी में बने दो झोपड़ों सहित गृहस्थी का समूचा सामान जलकर राख हो गया। इस अग्निकांड में पशुधन भी बुरी तरह झुलस गया। गनीमत रही कि ढाणी में मौजूद बच्चे समय रहते बाहर निकल आए और कोई जनहानि नहीं हुई।

पानी के अभाव में बेबस रहे ग्रामीण, मिट्टी से बुझाने का प्रयास

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। आग लगने के दौरान आसपास के किसान मौके पर पहुंचे और अपने स्तर पर आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। लेकिन बारानी खेत में बनी ढाणी होने के कारण पानी की उपलब्धता नहीं हो सकी। ग्रामीणों ने मिट्टी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया, मगर तब तक आग इतनी विकराल हो चुकी थी कि पूरा आशियाना इसकी चपेट में आ गया। ग्रामीणों की आंखों के सामने परिवार की वर्षों की गृहस्थी जलकर राख हो गई।

नगदी, गहने, राशन और पशुधन सब कुछ आग की भेंट चढ़ा

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। पीड़ित सवाईराम कामड़ ने बताया कि आग में ढाणी के दो झोपड़े पूरी तरह जल गए। वहां रखे 20 हजार रुपए नगद, सोने-चांदी के गहने, परिवार के जरूरी दस्तावेज, बर्तन, बिस्तर, कपड़े, राशन सहित गृहस्थी का समूचा सामान राख हो गया। इसके अलावा 10 माच, कूलर, दो बोरी ग्वार और एक क्विंटल मोठ भी जलकर नष्ट हो गए। आग की चपेट में आने से तीन गाय, तीन बछड़े और दो बकरियां झुलस गईं। परिवार पर अचानक आए इस संकट ने उनकी आजीविका और दैनिक जीवन दोनों को प्रभावित कर दिया है।

प्रशासन से मदद की गुहार

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। घटना के बाद ग्रामीणों ने पटवारी सहित प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना देकर पीड़ित परिवार को हुए नुकसान का आकलन करवाने और उचित आर्थिक सहायता दिलवाने की मांग की है। मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग करने गए परिवार के लिए यह दिन एक बड़े दुखद हादसे में बदल गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल राहत प्रदान करने की गुहार लगाई है।



सेसोमूं स्कूल को मिली एनसीसी की सीटें, कैडेट्स

चयन प्रक्रिया में 25 कैडेट्स चयनित

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स 4 नवंबर 2026। शिक्षा के साथ अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रभक्ति के संस्कारों को मजबूत करने की दिशा में सेसोमूं स्कूल ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय को एनसीसी की सरकारी सीटें आवंटित हुई हैं। इसके साथ ही सेसोमूं स्कूल श्रीडूंगरगढ़ क्षेत्र का पहला विद्यालय बन गया है, जिसे एनसीसी का आवंटन मिला है। विद्यालय के लिए यह उपलब्धि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के नए अवसर लेकर आई है। चेयरमैन जगदीश प्रसाद मूंधड़ा एवं वाइस चेयरपर्सन पद्मा मूंधड़ा के मार्गदर्शन से प्राप्त इस उपलब्धि के तहत 7 राज बटालियन एनसीसी बीकानेर के कमान अधिकारी मनदीप सिंह निजर के नेतृत्व में विद्यालय में कैडेट्स चयन प्रक्रिया आयोजित की गई। हवलदार लालचंद एवं हवलदार राकेश परमार ने चयन प्रक्रिया संपन्न करवाई। इसमें 208 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 25 विद्यार्थियों का एनसीसी कैडेट्स के रूप में चयन किया गया।

एनसीसी से निखरेगा विद्यार्थियों का व्यक्तित्व

श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स। चयन प्रक्रिया के दौरान हवलदार लालचंद ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एनसीसी के महत्व से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि एनसीसी विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, सेवा भावना और राष्ट्रभक्ति जैसे गुण विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को एनसीसी से जुड़कर देश सेवा के लिए स्वयं को तैयार करने की प्रेरणा दी। विद्यालय के प्राचार्य सुब्रत कुंडू ने एनसीसी आवंटन को विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों को अपने व्यक्तित्व एवं नेतृत्व क्षमता को निखारने का विशेष अवसर मिलेगा। विद्यालय में एनसीसी की शुरुआत से विद्यार्थियों में अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना को नई मजबूती मिलेगी।



श्रीडूंगरगढ़ टाइम्स कार्यालय : फर्स्ट फ्लोर, टीएम प्लाजा, पुरानी घास मंडी, मैन मार्केट, श्रीडूंगरगढ़ सम्पादक : कपिला स्वामी 94149 17401, प्रबंधक : विशाल स्वामी 94144 17401